nt>

Title: Need to release adequate funds for enabling early completion of the work on Maxi-Indore-Dahod-Godhra railway line. − Laid.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश एक आदिवासी बहुल प्रदेश है। प्रदेश की विकास की दृटी से मक्सी-इंदौर-दाहोद-गोधरा रेल लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंदौर से धार झाबुआ से लेकर गोधरा तक का इलाका पूर्णतया आदिवासी क्षेत्र है। जहां के लोगों ने रेलवे आज तक देखी भी नहीं है।

1985 में मक्सी देवास इंदौर दाहोद गोधरा रेलवे प्रोजेक्ट बनाया गया जो करीब 375 करोड़ का था। समय पर कार्य न होने के कारण आज केवल इंदौर सरदारपूर हिस्से की लागत करीब 900 करोड़ हो गयी है। प्रतिर्वा केवल अत्यल्प राशि इस प्रोजेक्ट को आबंटित होती है, जिस कारण गत 15-17 साल में केवल मक्सी देवास एक छोटे हिस्से में ही कार्य संपन्न हो सका और आगे पूरा आदिवासी क्षेत्र आज भी रेलवे तथा विकास की राह देख रहा है। अतः प्रोजेक्ट में जितना विलंब होता है लागत भी उतनी ही बढ़ जाती है।

अतः मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि आदिवासी क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए इस प्रोजेक्ट को एक समयबद्ध कार्यक्रम के रूप में लिया जाये।